**भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर 2026-27**

| कक्षा-आठवीं | विभाग: हिंदी | दिनांक -09.04.26 |
|---|---|---|
| Study Material 1 | संज्ञा | Note: Pl. file in portfolio |

**नाम: ________________अनुभाग: _____अनुक्रमांक: _____**

## संज्ञा

- **संज्ञा की परिभाषा**
- संज्ञा वह शब्द है जो किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, भाव या गुण का बोध कराता है। सरल शब्दों में, संज्ञा नाम बताने वाले शब्द होते हैं।
- **उदाहरण:** राम, दिल्ली, पुस्तक, खुशी, ईमानदारी।
- **संज्ञा के भेद**
- **1. व्यक्तिवाचक संज्ञा 2. जातिवाचक संज्ञा**
- **3. भाववाचक संज्ञा**

**1.. व्यक्तिवाचक संज्ञा-** किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु का नाम बताने वाले शब्द को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं ।

**उदाहरण:** राम, सीता, दिल्ली, गंगा।

**2. जातिवाचक संज्ञा**- किसी जाति या वर्ग का बोध कराने वाले शब्द को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं ।

**उदाहरण:** लड़का, लड़की, शहर, नदी।

**3. भाववाचक संज्ञा**- किसी भाव, अवस्था या गुण का बोध कराने वाले शब्द को भाववाचक संज्ञा कहते हैं ।

**उदाहरण:** खुशी, दुख, ईमानदारी, साहस।

प्रश्न 1 निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँट कर भेद लिखिए –

1. राम एक बुद्धिमान बालक है।
2. यह किताब उसकी है।
3. पीतल के बर्तन में खाना बनाओ।
4. मोहन का घर दुबई में है।
5. टेबल पर अंगूर का गुच्छा पड़ा है।

6. राम और श्याम अच्छे मित्र हैं।
7. उसने सोने की अंगूठी पहन रखी है।
8. जयपुर राजस्थान की राजधानी है।
9. मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है।
10. राधा एक सुंदर लड़की है।

प्रश्न 2 निम्नलिखित वाक्यों में उचित संज्ञा शब्द भरिए –

1 ------------------ सारा दूध पी गई ।

2 मोहन सामान खरीदने ----------------- जाएगा ।

3 दोनों -------------- खोल दो ।

4 मेरे विद्यालय का नाम ------------------------------- है ।

5 इस बच्चे को देखकर मुझे मेरा ---------------- याद आ गया ।

प्रश्न 3 दिए गए शब्दों को भाव वाचक संज्ञा में बदलिए –

1 मित्र - मित्रता

2 इंसान – इंसानियत

3 चकना – चिकनाहट

4 हरा – हरियाली

5 चतुर – चतुराई

6 युवा – यौवन

7 सुंदर – सुंदरता

8 गरीब – गरीबी

9 भूखा – भूख

10 चुनना – चुनाव

11 मम – ममता

12 ठंडा – ठंडक

13 विद्वान – विद्वता

14 ठगना – ठगी

15 रंग – रंगत

प्रश्न 4 कोष्ठक में दिए गए शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूपों से वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1 – मुझे देखते ही उसके चेहरे की ------------------- उड़ गई।    (रंग)

2 इस दूध में बिलकुल ---------------------नहीं है।    (चिकना)

3 शर्मा जी की ---------------------इन दिनों ठीक से नहीं चल रही। (वकील)

4 कोयल की वाणी में बहुत --------------- होती है।    ( मीठा )

5 माँ की -------------------- का कोई मेल नहीं है    (मम)